**श्रेष्ठ सुप्रभात**

**व्यक्ति व्यभिचार के आनंद की जगह अध्यात्म की साधना का आनंद ले तो उसका जीवन और ज्यादा बेहतर बन सकता है।**

-आचार्य महाश्रमण

# NEXT™

NEWS EXCELLENT TODAY

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| श्रीडूंगरगढ़ | 26.0 | 10.0 |
| बीकानेर | 25.0 | 9.0 |
| जयपुर | 25.0 | 9.0 |

E- Paper NEXT 0023

newsexcellenttoday.com | 03 जनवरी 2025, शुक्रवार | पौष, शुक्ल पक्ष चतुर्थी - 2081


## कोलकाता में जैन धर्मावलंबियों द्वारा हुआ नववर्ष का भव्य आयोजन

# हर स्थिति में व्यक्ति सन्तुलित रहे- मुनि जिनेशकुमार



**NEXT** न्यूटाऊन, राजारहाट स्थित महाश्रमण विहार में आचार्य महाप्रज्ञ महाश्रमण एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन और श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, सॉल्टलेक द्वारा नव वर्ष 2025 के अवसर पर भव्य आध्यात्मिक उद्बोधन, अनुष्ठान और मंगलपाठ कार्यक्रम का आयोजन युगप्रधान आचार्य महाश्रमण के शिष्य मुनि जिनेशकुमार के सान्निध्य में किया गया। इस आयोजन में कोलकाता, कोलाघाट, बर्दवान सहित अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

मुनि जिनेश कुमार ने अपने आध्यात्मिक उद्बोधन में समय के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समय एक निरंतर बहता हुआ प्रवाह है, जिसे हम नियंत्रित नहीं कर सकते। उन्होंने नव वर्ष 2025 को मंगलमय और कल्याणकारी बताया और जीवन में शांति, संतुष्टि, पवित्रता तथा आनंद की आवश्यकता पर जोर दिया। मुनि ने यह भी कहा कि इच्छाओं का संयम रखना चाहिए ताकि लोभ और अहंकार से बचा जा सके।

कार्यक्रम की शुरुआत बाल मुनि कुणाल कुमार के मंगलाचरण से हुई। नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए स्वागत वक्तव्य आचार्य महाप्रज्ञ महाश्रमण एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष भीखमचंद पुगलिया ने दिया।



NEXT NEWS EXCELLENT TODAY

**भीखमचन्द पुगलिया समाज के महत्त्वपूर्ण संस्थान के अध्यक्ष मनोनीत**

श्रीडूंगरगढ़ निवासी और कोलकाता प्रवासी राजस्थान गौरव भीखमचन्द पुगलिया कोलकाता स्थित जैन तेरापन्थ समाज के एक महत्त्वपूर्ण संस्थान के अध्यक्ष मनोनीत हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोलकाता के न्यूटाऊन राजारहाट स्थित आचार्य महाप्रज्ञ महाश्रमण एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के द्विवर्षीय अध्यक्षीय चुनाव सम्पन्न हुए। इस चुनाव में भीखमचन्द पुगलिया को सत्र 2024-2026 के लिए निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

गौरतलब है कि भीखमचन्द पुगलिया इसी संस्थान के 8वर्षों तक मुख्य ट्रस्टी के रूप में और 2वर्ष अध्यक्ष के रूप में सेवा दे चुके हैं। एक बार पुनः भीखमचन्द पुगलिया को अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के महामंत्री विनोद बैद, अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की संगठन मंत्री रमण पटावरी, आमरेफ के प्रधान न्यासी तुलसी दुगड़, श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा सॉल्टलेक के अध्यक्ष जयसिंह डागा ने नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए अपने विचार व्यक्त किए। आभार ज्ञापन आमरेफ के मंत्री सुरेंद्र बोरड़ व कार्यक्रम का संचालन मुनि परमानंद ने किया।

## अपार आईडी जनरेशन सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर गैर सरकारी शिक्षण संस्था संगठनों की हुई बैठक

जिला शिक्षा अधिकारी गजानंद सेवग ने कहा कि छुट्टी के दिन स्कूल खुले रहने की शिकायतों की गंभीरता से निगरानी की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि छुट्टियों के दौरान स्कूल संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी।




**NEXT** अपार आईडी जनरेशन, परीक्षा पर चर्चा एवं सड़क सुरक्षा माह संबंधित विषयों पर गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं के संगठनों की बैठक गुरुवार को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

समग्र शिक्षा सभागार में आयोजित बैठक में अपार आईडी एवं परीक्षा की तैयारी से जुड़े कार्य शीघ्र पूरे करने के निर्देश दिए गए। शर्मा ने सड़क सुरक्षा माह के संबंध में जानकारी दी और गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं से जागरूकता अभियानों में सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने बाल वाहिनी से संबंधित नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश भी दिए।

बैठक का संचालन अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (माशि) सुनील कुमार बोड़ा ने किया। उन्होंने अपार आईडी एवं परीक्षा पर चर्चा के कार्यों को 100% पूरा करने के लिए संस्थानों को प्रेरित किया। सहायक प्रशासनिक अधिकारी अविकांत पुरोहित और यू-डाइस के जिला समन्वयक डॉ. दामोदर भाटी ने तकनीकी जानकारी साझा की।

गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं की ओर से उपस्थित पैपा के प्रदेश समन्वयक गिरिराज खैरीवाल ने अपार आईडी जनरेट करने में आ रही व्यावहारिक समस्याओं को सामने रखा, जिनका मौके पर समाधान किया गया।

स्कूल एजुकेशन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कोडाराम भादू, स्कूल शिक्षा परिवार के मनोज कुमार राजपुरोहित और अब्दुल समद ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर पैपा के डॉ. अभय सिंह टाक, राकेश कुमार जोशी, कृष्ण कुमार स्वामी, राकेश पंवार, सेवा के शैलेष भादाणी, शैलेंद्र कुमार यादव, एसएसपी के चंपालाल प्रजापत, मुकेश प्रजापत, नोखा से रामस्वरूप ज्याणी, मदनलाल सियाग, सुभाष चंद्र बिश्नोई, पांचू से मनीष कुमार व्यास, गंगाबिशन बिश्नोई, और कोलायत से खींयाराम सेन, राजेंद्र पालीवाल, भंवरलाल उपाध्याय सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## प्रवर्तन निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

# राशन डीलरों ने दी सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी

**NEXT** श्रीडूंगरगढ़ तहसील के उचित मूल्य दुकानदारों ने प्रवर्तन निरीक्षक पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री, खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री, श्रीडूंगरगढ़ विधायक सहित प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। विक्रेताओं का आरोप है कि निरीक्षक द्वारा मानसिक और आर्थिक शोषण किया जा रहा है, जिससे वे परेशान और असहाय महसूस कर रहे हैं।

विक्रेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि आधार सीडिंग और ई-केवाईसी जैसी प्रक्रियाओं में हो रही देरी से उनके कामकाज में बाधा उत्पन्न हो रही है। फरवरी 2024 से पहले आने वाले कमीशन का नियमित हिसाब उपलब्ध कराया जाता था, लेकिन वर्तमान में इसकी प्रक्रिया में भी गड़बड़ी हो रही है।

शिकायतकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे सामूहिक इस्तीफा देने को मजबूर हो जाएंगे। इस दौरान तहसील अध्यक्ष शुभकरण बिश्नोई, लक्ष्मीनारायण तावनियाँ, विकास प्रजापत, बजरंगलाल स्वामी, विक्रम सिंह झंझेऊ, प्रभुसिंह जोधासर, बीरबलराम गुसाईंसर बड़ा, कालूराम धनेरू, सहीराम कितासर, रामकिशन बाना, भागीरथ समंदसर, प्रकाश दुसाद, रतनलाल सालासर, नानूराम माली, गौतम मारु, शुभकरण माली सहित अनेकों राशन डीलर मौजूद रहे।

राशन विक्रेताओं का कहना है कि 2016-17 में रसद विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत बनाए गए राशन कार्डों में हुई त्रुटियों के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया जा रहा है, जबकि यह पूरी प्रक्रिया विभाग द्वारा संचालित थी। इसके अलावा, विभागीय कमियों का हवाला देकर बार-बार नोटिस जारी किए जा रहे हैं और दुकान संचालन में अनावश्यक हस्तक्षेप किया जा रहा है।

## श्रीडूंगरगढ़ महाविद्यालय में हुआ खेल सप्ताह का हुआ आयोजन

# खेल तन- मन को स्वस्थ रखता है- महर्षि

**NEXT** श्रीडूंगरगढ़ महाविद्यालय में गुरुवार से खेल सप्ताह की शुरुआत हुई, जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद सुथार ने खेलों के महत्त्व पर विचार रखते हुए बताया कि ये जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व जैसे गुणों का विकास करते हैं।

महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव श्याम महर्षि ने खेलों के शारीरिक और मानसिक लाभों को रेखांकित किया और विद्यार्थियों को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उपसचिव रामचंद्र राठी ने विश्वविद्यालय स्तर पर पदक विजेताओं के लिए नकद पुरस्कारों की घोषणा करते हुए कहा कि महाविद्यालय खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है।



प्रथम दिन म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में 50 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। कोच मुकेश जांगिड़ ने बताया कि आगामी दिनों में रस्साकशी, कैरम, खो-खो, कबड्डी, ऊंची कूद, लंबी कूद, दौड़, रिले रेस, और मौखिक प्रश्नोत्तरी आदि इवेंट्स होंगे।

## रिटायर्ड आईएएस वंदना सिंघवी का सम्मान समारोह आयोजित

### देश व समाज की जिम्मेदार नागरिक होने के नाते सदैव जागरूक रहूंगी: सिंघवी

**NEXT** "देश व समाज की जिम्मेदार नागरिक होने के नाते सदैव जागरूक रहूंगी।" ये उद्गार रिटायर्ड आईएएस अधिकारी जैन वंदना सिंघवी ने अपने अभिनंदन सम्मान कार्यक्रम में व्यक्त किये। जैन महासभा बीकानेर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सिंघवी ने कहा कि बीकानेर में संभागीय आयुक्त के रूप में कार्य करते नवाचार भी किया, जिसमें बीकानेर की जनता का आशीर्वाद मिला।

कार्यक्रम के आरम्भ में महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण हुआ। सिंघवी का श्रीफल देकर महासभा के अध्यक्ष विनोद बाफना, महामंत्री मेघराज बोथरा, जसकरण छाजेड़, कन्हैया लाल बोथरा, पूर्व अध्यक्ष लूणकरण छाजेड़, जैन विजय कोचर, चंपकमल सुराणा, जयचंद डागा, मोहन सुराणा, अशोक श्रीश्रीमाल, भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड के प्रतिनिधि श्रेयांस बैद, पत्रकार वीरेंद्र आभानी, राजेश आचार्य, रवि पुगलिया ने अभिनन्दन किया।



कार्यक्रम में कैलेंडर का विमोचन किया गया

इसके साथ ही तेरापंथी सभा गंगाशहर, भीनासर, बीकानेर, साधु मार्गी श्रावक संघ, श्री पार्श्वचंद्र सुरी गच्छीय संस्था, महावीर इंटरनेशनल, एस.एम.एस दिव्यांग संस्थान, शांत क्रांत, देवकी नंदन गौशाला द्वारा भी सम्मान किया गया।

## सर्दी का प्रकोप: मरुस्थलीय वनस्पतियां सूखीं, ग्रामीण इलाकों में कीकर के पेड़ मुरझाए

**NEXT** मरुस्थलीय इलाकों में सर्दी का प्रकोप अब ग्रामीण जीवन पर भारी पड़ रहा है। राजस्थान के जैसलमेर, बाड़मेर और बीकानेर जैसे इलाकों में ठंडी हवाओं और गिरते तापमान ने स्थानीय वनस्पतियों को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। खासतौर पर ग्रामीण इलाकों में कीकर के पेड़, जो जलवायु परिवर्तन के अनुकूल माने जाते हैं, सर्दी की मार से मुरझा रहे हैं।

ग्रामीण अंचल के किसान गौरीशंकर शर्मा ने कहा कि इस बार सर्द हवाओं ने वनस्पतियों को स्थायी रूप से नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है। खेतों में लगे छोटे पौधे भी सर्दी के कारण झुलसने लगे हैं। मौसम विभाग ने भी चेतावनी दी है कि अगले कुछ दिनों में तापमान और गिर सकता है।